हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 16 .8 डिग्री
न्यूनतम 10 .5 डिग्री

9 अरनत्या-अर्जुन ने लॉन टेनिस में जीते पदक



10 दो दुकानों में लाखों रुपये राशि की चोरी, केस दर्ज



## खबर संक्षेप

### गैस की कालाबाजारी 85 सिलेंडर बरामद

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने गांव राई में छापा डालकर गैस की कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान 85 घरेलू व व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। टीम में शामिल निरीक्षक सुनील, एसआई महाबीर, एएसआई राजेश की टीम ने राई में छापा डाला। उनके साथ खाद्य आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक अजय मलिक भी थे। पुलिस ने विजय नाम के युवक को बोलेरो गाड़ी में सिलेंडर लोड करते पकड़ लिया। उसके खिलाफ राई थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### 20 एकड़ धान की पराली जलकर राख

**गोहाना।** गांव जौली में किसान अमन द्वारा खेत में डाली गई पराली के ढेर में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। 20 एकड़ की पराली जल कर राख हो गई। किसान ने गांव के धर्म सिंह के खेत को पट्टे पर लेकर उसमें पशुचारे के लिए पराली एकत्रित की थी। शनिवार रात को अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। अगले दिन सुबह किसान खेतों की तरफ गए तो पराली जली हुई मिली। बिशन सिंह ने उसे फोन करके सूचना दी। उसकी शिकायत पर सदर थाना गोहाना में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### भोगीपुर स्थित फार्म हाउस में चोरी, केस

**गन्नौर।** भोगीपुर गांव स्थित फार्म हाउस से चोर काफी सामान चोरी कर ले गए। फार्म हाउस की मालकिन ने चोरी की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव भोगीपुर हाल शास्त्री नगर की रहने वाली शकुंतला ने बताया कि उनका भोगीपुर गांव में फार्म हाउस है। 28 जनवरी को जब वह फार्म पर गए तो उनके फार्म हाउस से 1 सबमर्सिबल की मोटर, एक छत का पंखा, एक गैस सिलेंडर, चूल्हा, हाथ वाला रूटावेटर, एक स्मोग लाइट, एक फ्लड लाइट, एक स्प्रे मशीन चोरी हुई मिली। इसके अलावा चोर फार्म हाउस के कमरे की झांकी तोड़ कर पंखा व गैस सलेंडर भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने शकुंतला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन से यात्री का मोबाइल चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर ट्रेन में सफर कर रहे यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया। गांधी नगर गन्नौर निवासी विशाल ने बताया कि गत 13 जनवरी को वह सोनीपत से गन्नौर से लिए ट्रेन में यात्रा कर रहा था। जब वह गन्नौर स्टेशन पर उतारा तो उसका मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जीआरपी ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चोरी के आरोप से आहत सिक्योरिटी गार्ड ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर दी जान

■ टावर कंपनी में था कार्यरत, मैनेजर व स्टोर मैन पर दबाव बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ कमरे में पड़ा मिला शव, पुलिस ने दर्ज किया केस

गांव मोहाना स्थित टावर कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह चोरी के आरोप लगने से आहत थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस ने मैनेजर और स्टोर मैन पर आत्महत्या के लिए विवश करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव मोहाना निवासी रमेश (50) गांव के पास स्थित टावर लगाने वाली कंपनी में बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम करते थे। रमेश सोमवार की दोपहर घर के चौबारे पर बने कमरे में थे। अचानक से गोली चलने की आवाज सुन कर परिजन ऊपर गए तो रमेश खून से लथपथ पड़े थे। उन्होंने खुद की कनपटी पर गोली मार रखी थी। परिजनों ने जांच की तो उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पाकर मोहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।



**सोनीपत।** घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी।

### पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज

मृतक की पत्नी रेखा ने पुलिस को बताया कि उनके पति पर टावर लगाने की कंपनी मैनेजर और स्टोर मैन दबाव बना रहे थे कि कंपनी में चोरी हुई है। उनके पति ने उनके सामने चोरी होने से मना कर दिया था। वह लगातार उन पर दबाव बना रहे थे। जिसके चलते उनके पति ने आत्महत्या की है। पुलिस ने आत्महत्या को विवश करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महिला का पर्स पीजीआई में छूटा सिक्योरिटी गार्ड्स ने वापस लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

पीजीआई रोहतक के दो सिक्योरिटी गार्ड जिनमें महिला सिक्योरिटी गार्ड निशु व सिक्योरिटी गार्ड सुरेंद्र ने अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। उन्होंने मिली 10,240 रुपए की राशि को उसके मालिक फरमाना निवासी सुजाता मल्हाण को लौटा दिया है। सफरमाना गांव की महिला इलाज के लिए पीजीआई रोहतक की नई ओपीडी में गई थी। जहां पर काउंटर नंबर 150 पर कार्ड बनवाने के लिए लाइन में लगी। इसी दौरान उसका पर्स वहीं कहीं रह गया। पर्स के अंदर 10240 रुपए रखे हुए थे और कुछ कागजात भी थे, जो गलती से काउंटर पर छूट गए थे। वह इलाज करने के लिए महिला चिकित्सक के पास चली गई। इस बीच जैसे ही उसे ध्यान आया कि उसका पर्स उसके पास नहीं है, तो उसके होश उड़ गए। वह हड़बड़ाहट में उसे तलाशने लगी। धीरे-धीरे वह काउंटर के पास भी पहुंची तो सिक्योरिटी गार्ड सुरेंद्र और सिक्योरिटी गार्ड निशु ने महिला से पूछा कि क्या बात है, परेशान क्यों हो। जिस पर उसने बताया कि उसका पर्स कहीं गुम हो गया है, जिसमें न सिर्फ 10240 रुपए थे, बल्कि कुछ जरूरी कागजात भी थे। सिक्योरिटी गार्ड को जैसे ही पर्स मिला था, तो उन्होंने उसे संभाल कर रख लिया था। बाद में पर्स महिला को लौटा दिया।



**खरखौदा।** महिला को उसका पर्स व पैसे सौंपते गार्ड्स।

## लाला मातूराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग के विरोध में उतरेंगे संगठन और व्यापारी

# आज गोहाना बंद, मेडिकल स्टोर नहीं खुलेंगे, सब्जी वाले भी शामिल

## पुलिस ने दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया, पूछताछ चल रही

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से व्यापारी वर्ग परेशान है। ताजा मामला गोहाना में लाला मातूराम हलवाई की दुकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग है, इस विषय में सोमवार को व्यापारियों ने अग्रवाल सत्संग भवन में बैठक की। बैठक में पुरानी अनाज मंडी में शिव चौक के पास लाला मातूराम हलवाई की दुकान पर की गई फायरिंग के विरोध व हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में मंगलवार को गोहाना सांकेतिक तौर पर बंद रखने का आह्वान किया गया। विभिन्न संगठनों व व्यापारियों ने सत्संग भवन में बैठक कर बाजार, सब्जी मंडी, अनाज मंडी सहित सभी दुकानों को बंद करने का बड़ा फैसला लिया है। बैठक की अध्यक्षता नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विनोद सहरावत ने की। इस दौरान संयुक्त व्यापार कमेटी बनाई गई, जिसका प्रधान विनोद सहरावत को बनाया गया। सभी ने एक मत होकर फैसला किया कि मंगलवार को गोहाना को बंद करेंगे। इसमें मेडिकल स्टोर बंद रखने के साथ ही फल व सब्जियों की रेहड़ियां भी नहीं लगाई जाएंगी। व्यापारियों का कहना है कि इसके बाद भी बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह रणनीति तैयार कर प्रदेश भर के बाजार को बंद करवाने पर मजबूर होंगे।

बता दें कि 21 जनवरी को पुरानी अनाज मंडी स्थित शिव चौक के पास लाला मातूराम हलवाई की दुकान बाइक पर सवार तीन हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायर किए थे। हमलावरों ने 42 फायर किए थे। जिसमें दूध देने आए माहरा के बिजेंद्र को गोली लगी थी। जबकि दुकान के अंदर काम कर रहे कर्मचारियों ने काउंटर के पीछे छिप कर अपनी जान बचाई थी। इसके बाद हमलावर बाइक लेकर पुरानी अनाज मंडी में गए और वहां अग्रसेन चौक के निकट हवाई फायर किए थे। वारदात के बाद पुलिस आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर हमलावरों की पहचान होने व जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया था। वहीं सांसद रमेश कौशिक ने भी दुकानदारों को बदमाशों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। पुलिस प्रशासन की तरफ से मातूराम हलवाई की दुकान व घर पर सुरक्षा बढ़ा दी थी। हालांकि पुलिस अब तक बदमाशों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुरानी अनाज मंडी के सत्संग भवन में हुई बैठक में बलराम कौशिक, इंद्रजीत विरमानी, वीरेंद्र भनवाला, प्रदीप चहल, विनोद जैन व अन्य मौजूद रहे।

**पुरानी अनाजमंडी से निकालेंगे जुलूस:** गोहाना बंद को लेकर तैयार की गई योजना के अनुसार सभी व्यापारी अपने स्टॉफ के साथ मंगलवार सुबह 10 बजे महाराजा अग्रसेन चौक पुरानी अनाज मंडी में एकत्रित होंगे। यहां से जुलूस के रूप में चलकर शिव चौक, कॉलेज मोड़, छोटूराम चौक, शहीद भगत सिंह चौक, शहीदी चौक, महावीर चौक, बाबू जगजीवन राम चौक, रोहतक गेट, बाबा भीमराव आंबेडकर चौक पर पहुंचेंगे। व्यापारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से भी समर्थन का आह्वान किया है।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि दिन-दहाड़े बदमाशों ने 40 राउंड फायरिंग कर जानलेवा हमला करने और रंगदारी मांगने से व्यापारी भयभीत है।



**सोनीपत।** बैठक में रणनीति तैयार करते व्यापारी।

### आरोपितों को रिमांड पर लिया

गोहाना में पुरानी अनाज मंडी स्थित मातूराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित रोहतक के सुंडाना निवासी सागर व हिसार के बालसमंद निवासी सज्जन उर्फ काला हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड करने के नाबालिग आरोपित को काबू किया था। आरोपित सागर को झज्जर व सज्जन को अजमेर (राजस्थान) जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर न्यायालय में पेश कर पूछताछ की जा रही है। आरोपित सागर को तीन दिन व सज्जन को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

**दो काबू :** पुलिस ने मातूराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।
**इंस्पेक्टर नीरज कुमार**, शहर थाना प्रभारी, गोहाना

# मां-बेटे का एकसाथ हुआ अंतिम संस्कार

**सोनीपत।** विधि का विधान कहें या फिर संयोग। सोनीपत में एक मां और उसके बेटे का अंतिम संस्कार एकसाथ हुआ। ऐसा नहीं था दोनों किसी हादसे में असमय काल का ग्रास बने हों। मां जहां प्राकृतिक मौत का शिकार बनी, वहीं बेटे की सीने में दर्द के चलते मौत हो गई। माता जहां रविवार शाम चल बसी थी, वहीं बेटे को सोमवार सुबह अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया।

■ रविवार शाम हो गई थी माता की मौत, सोमवार सुबह बेटे ने भी छोड़ दी दुनिया

जानकारी अनुसार सोनीपत के जटवाड़ा के सुंदर मौहल्ला में रहने वाले 84 वर्षीय सावित्री देवी का 28 जनवरी यानि रविवार को शाम लगभग 3.30 बजे निधन हो गया था। शाम होने के चलते रिश्तेदार समय पर नहीं पहुंच सकते थे, इसीलिये दाह संस्कार का समय सोमवार सुबह का तय किया गया। नियति को कुछ और ही मंजूर था अगले दिन यानि की सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे सावित्री देवी के पुत्र 51 वर्षीय प्रमोद कुमार को सीने में दर्द हुआ। हरियाणा रोडवेज में कार्यरत प्रमोद कुमार को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्रमोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। एक ओर तो जहां परिवार सावित्री देवी के संस्कार की तैयारी कर रहा था, वहीं अब परिवार को प्रमोद कुमार का भी संस्कार करने की तैयारी करनी पड़ी। इसके बाद शाम लगभग 5 बजे दोनों को एक साथ एक ही शव वाहन में शमशान ले जाया गया। जहां पर एक ही समय में दोनों के अंतिम संस्कार करवाए गए।

# कोर्ट में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने के आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ अदालत ने आरोपितों के पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

मुरथल थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर कोर्ट में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने की वारदात में शामिल महिला आरोपित सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिंदा देवी व सरयु वासी बिहार व अन्य महिला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।




रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

उप निरीक्षक वेदवीर सिंह ने बताया कि 29 जनवरी को माननीय अदालत सुरुचि अत्तरेजा सिंह की अदालत से पत्र प्राप्त हुआ कि आरोपित नीरज कुमार को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। जिसमें जन्म प्रमाण-पत्र आरोपित नीरज कुमार का सत्यापन किया गया।

जिसमें वह फर्जी पाया गया। पुलिस ने इस संबंध में एक महिला आरोपित सहित बिंदा देवी व सरयू को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# मुआवजा नहीं मिला, धरने पर बैठे किसान

**गोहाना।** किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी के बैतर तले बीमा कंपनियों के विरोध में लघु सचिवालय में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। यूनियन नेताओं ने कह कि जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होगी धरना जारी रहेगा।

यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि 2021 और 2022 में हजारों किसानों की रबी और खरीद की फसलों में नुकसान हुआ था। जिन किसानों की फसलें खराब हुई बीमा कंपनियों ने उनको मुआवजा देने की जगह उनका प्रीमियम वापस देकर पल्ला झाड़ लिया। जिन किसानों की फसलें ठीक रहीं बीमा कंपनियों ने उनका प्रीमियम अपने पास रख लिया।जिला कमेटी किसानों के पक्ष में फैसला दे चुकी है लेकिन मुख्यालय स्तर के अधिकारी बीमा कंपनी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। 2023 में जलभराव से खराब हुई फसलों का मुआवजा देने की घोषणा की थी लेकिन अब तक अधिकतर किसानों को मुआवजा नहीं मिला। धरने पर संदीप मलिक, कृष्ण मलिक, भोला, बिजेंद्र, अमित मोर,जनसंघर्ष मंच के प्रतिनिधि रघुवीर विरोधिया, सूरजभान चहल रहे।

# जिला कल्याण अधिकारी का चालक 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

एसीबी, रोहतक की टीम ने सरकारी योजना का लाभ देने के एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सोनीपत जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के चालक को रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि वह 10 हजार रुपये पहले ले चुका है। एंटी करप्शन ब्यूरो, रोहतक के डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी सरकारी योजना का लाभ देने के एवज में 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनके रिश्तेदार को अंतरजातीय विवाह शगुन योजना का लाभ देने की एवज में सोनीपत जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय का चालक प्रदीप रिश्वत की मांग कर रहा है। उसे शिकायतकर्ता की तरफ से पहले ही 10 हजार रुपये दिए गए थे। जिस पर इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रदीप को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।



■ सरकारी योजना का लाभ देने के नाम पर 10000 पहले भी ले चुका था

# बाबा सुशील नाथ ने 108 पानी के मटकों की जलधारा के नीचे पूरी की तपस्या

**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी में रेलवे स्टेशन के समीप बाबा प्रेमनाथ की समाधि स्थल में क्षेत्र की सुख शांति के लिए बाबा सुशीलनाथ की 41 दिन से ठंडे पानी की धारा में तपस्या पूरी हुई। बाबा ने तपस्या 108 ठंडे पानी के मटकों की जलघारा के नीचे तपस्या करके पूरी की।

तपस्या पुरी होने पर समाधि स्थल परिसर में हवन यज्ञ किया गया। वहीं दिनभर भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने आसपास से आए साधु संतों का सम्मान किया गया। गौरतलब है कि बाबा सुशीलनाथ 40 दिन से प्रतिदिन सुबह मटकों में भरे गए ठंडे पानी की धारा लगाकर उसके नीचे तपस्या कर रहे हैं। इसके बाद प्रतिदिन दो मटक बढ़ते रहे। बाबा सुशीलनाथ की तपस्या के लिए सांय के समय साफ व नये मटकों में ठंडा पानी भरा जाता था। रात भर खुले आसमान के नीचे मटकों को रखा जाता है तथा सुबह मटके के नीचे से निकलने वाली पानी की धारा में बाबा सुशीलनाथ बैठ जाते थे।

मटकों में भरे पानी की धारा जब तक चलती है तब तक बाबा नाथ उसके नीचे बैठकर ध्यान में रहते हैं। पूरे गांव के सभी लोगों के सहयोग से उनकी तपस्या पूरी हुई व गांव में विशाला भंडारा लगाया गया है। बाबा सुशीलनाथ ने बताया कि गांव में ठंडे पानी की धारा के नीचे बैठकर तपस्या करके समाज में सुख शांति लाना चाहते हैं।



**गन्नौर।** भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की एवीटी स्टाफ सोनीपत पुलिस एसएजी टीम ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिजेंद्र निवासी सरढाना व मोहित निवासी हलालपुर का है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव सरढाना में मौजूद थी। उसी दौरान खेल स्टेडियम के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। वहीं उप निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गांव हलालपुर से गश्त के दौरान आरोपित को संदिग्ध हालत में घुमते हुए पाया गया। तलाशी लेने पर युवक से अवैध पिस्तौल मिला।

# कुकर्म के दोषी को उम्रकैद व 11 लाख रुपये का जुर्माना

**सोनीपत।** खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोर से कुकर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मामले में तीन नाबालिग पर भी मुकदमा दर्ज किया था। उनका मामला जुवेनाइल कोर्ट में भेजा गया था। दोषी करार दिए गए युवक पर 11.42 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना राशि में से पांच लाख रुपये पीड़ित को देने के आदेश दिए गए है।

खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने 11 फरवरी, 2022 को पुलिस को बताया था कि उनका 15 वर्षीय बेटा कई दिन से सहमा हुआ था। उन्होंने बेटे से बात की तो पहले वह टालने लगा। उन्होंने उसे समझाकर बातचीत की बेटे ने बताया कि वह 5 फरवरी, 2022 को पड़ोस के गांव में आयोजित भंडारे में गया था। वहां से लौटते समय उसे गांव का अभिषेक व तीन अन्य लड़के मिले थे। वह उसे सड़क किनारे खाली कमरे में ले गए थे। वहां उन्होंने उसके साथ मारपीट की थी। वह उसे एक गन्ने के खेत में ले गए। जहां पर चारों ने उसके साथ गलत काम किया था। पुलिस ने इस संबंध में कुकर्म, मारपीट, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। तब तत्कालीन थाना प्रभारी जसपाल सिंह की टीम ने मामले में ठोस कार्रवाई करते हुए आरोपितों को काबू कर लिया था। अभिषेक के बालिग होने के चलते उसे जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने आरोपित का चालान तैयार कर अदालत में पेश कर दिया था। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था।

हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अक्सर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

# प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।





**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। ❁

## अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

## सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

# घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी। ❁



## ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

# जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

एडवाइस / अंजू जैन

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें–समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।


**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों। ❁

## किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

# पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।



केयर / मधु सिंह

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें। ❁

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

# सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:**अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा ।कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं। ❁

**(सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश



**सोनीपत।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पंचायती राज संस्थाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों में गति लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को देरी के लिए फटकार भी लगाई। एक अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ एक अन्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कैंप कार्यालय में दोपहर बाद पंचायती राज संस्थाओं के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की।

### बच्चों की विशेषताओं के साथ कमियां भी जानें

**गोहाना।** रविवार को लायंस क्लब गोहाना की ओर से बाल भारती विद्यापीठ में शिक्षकों के लिए आयोजित लायंस क्वेस्ट के दूसरे दिन लायंस क्वेस्ट इन्टरनेशनल ट्रेनर बीएल जोशी ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी विशेषताओं के साथ-साथ उनकी कमियों को भी जानना चाहिए। उन्हें शिक्षा के माध्यम से इस बात को समझाया जाएं कि उनके सच्चे हितैषी उनके माता-पिता और शिक्षक ही हैं। बीएल जोशी ने कहा कि आज के समय विद्यार्थियों में फोन के अधिक उपयोग और नशे की लत बढ़ रही है। अभिभावकों और शिक्षकों को इन बुरी लतों को गहराई से समझ कर दूर करना चाहिए। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करके उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

### हरियाणा में भी बनेगी आप की सरकार: सरोहा



**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने जींद में आयोजित बदलाव जनसभा को लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। सोनीपत शहरी जिला अध्यक्ष राजेश सरोहा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव रैली की चर्चा हरियाणा के घर-घर में है। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि दिल्ली और पंजाब के बाद अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व कार्यक्रम प्रभारी नवीन गौर ने कहा कि बदलाव जनसभा में केजरीवाल 1 लाख जीरो बिजली के बिल लेकर पहुंचे।

### लोकसभा प्रभारी फौजी ने ली कांग्रेसियों की बैठक



**सोनीपत।** सोनीपत लोकसभा प्रभारी व पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कांग्रेस भवन सोनीपत में सोनीपत लोकसभा के कांग्रेसजनों की आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक ली। कांग्रेसजनों ने अपने सुझाव रखें। इसके उपरांत बैठक में लोकसभा सोनीपत को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ, जिसमें तय किया गया कि सोनीपत लोकसभा उम्मीदवार के लिए नेता प्रतिपक्ष भपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व कांग्रेस हाईकमान का फैसला सर्वमान्य होगा।

## प्रसूति विभाग व प्रयोगशाला में किया जाएगा स्थापित

# मरीजों के लिए दो कंप्लीट ब्लड काउंट्स मशीन दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

### रोजाना 250 मरीज रक्त की जांच के लिए पहुंच रहे

नागरिक अस्पताल में रक्त की जांच करवाने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। एक निजी कंपनी की तरफ से नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए दो कंप्लीट ब्लड काउंट्स (सीबीसी) जांच मशीनें दान में दी गई है। इनमें से एक मशीन को प्रयोगशाला में और दूसरी मशीन को प्रसूति वार्ड में इंस्टॉल कराया गया है। दोनों मशीनों में रक्त की जांच करने में समय भी कम लग सकेगा। अस्पताल में रोजाना 250 मरीज रक्त की जांच कराने के लिए आते है।

बता दें कि अस्पताल की प्रयोगशाला में एक सीबीसी मशीन थी। उस कंपनी की ओर से समय पर केमिकल रीजेंट समय पर उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे थे। प्रयोगशाला में केमिकल रीजेंट खत्म होने के बाद अस्पताल में खून की जांच करवाने के लिए आए मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। मशीन खराब होने पर खून की जांच न होने से मरीजों को निजी प्रयोगशालाओं में 200 से 250 रुपये तक खर्च करने पड़ते थे।




सोनीपत। अस्पताल में दान की गई मशीन। फोटो :हरिभूमि

### मशीन से सत्रह तरह की खून जांच होगी, समय की भी बचत होगी

पहले एक मशीन होने के चलते खून के नमूनों की जांच करने के लिए समय ज्यादा लगता था। अब दो मशीन होने के चलते समय कम लग सकेगा। प्रसूति वार्ड में भर्ती महिला, नर्सरी में भर्ती शिशु, बाल रोग वार्ड में भर्ती बच्चों के रक्त के नमूनों की जांच प्रसूति वार्ड में हुआ करेगी। ओपीडी व आपातकालीन वार्ड में लिए जाने वाले नमूनों की जांच प्रयोगशाला में की जाएगी। इससे समय की बचत होगी। साथ ही समय पर मरीजों को जांच रिपोर्ट मुहैया कराई जाएगी। सीबीसी मशीन से खून के नमूने की 17 तरह की जांच होगी। *डा. प्रिया भारद्वाज, प्रयोगशाला प्रभारी।*

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति रहना चाहिए जागरूक : बतरा

- सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जागरूकता रैली के दौरान संगठन के संयोजक साथ में पुलिस कर्मी एवं विद्यार्थीगण।

बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को सड़क सुरक्षा संगठन के तत्वावधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पुलिस, परिवहन विभाग, जिला विधि सेवाएं प्राधिकरण भी रैली के संयुक्त मेजबान रहे। इस दौरान संगठन के जिला संयोजक संदीप बतरा ने बताया कि सड़क पर सुरक्षा के नियम हर किसी को पता होना चाहिये। विशेषतौर पर विद्यार्थी वर्ग को इन नियमों के प्रति जागरूक रहना चाहिये। रैली का शुभारंभ जनता कालोनी स्थित हंसवाहिनी विद्या मंदिर से प्राचार्य कमलेश कुकरेजा एवं स्टाफ की मौजूदगी में कालोनी के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया। इस दौरान रास्ते में विभिन्न संस्थाओं एवं नागरिकों को सड़क सुरक्षा, जीवों की रक्षा करने बारे जागरूक किया गया। रैली के समापन पर विद्यालय में सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलवाई गई।



गोहाना। लोगों को योजना की जानकारी देते सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत।

### सहकारी समितियां पंजीकृत करवा स्थापित करें रोजगार

**गोहाना।** बेरोजगार युवाओं को स्वावलंबी बनाने राज्य सरकार द्वारा सीएम पैक्स योजना शुरू की गई है। बेरोजगार युवा इस योजना के तहत सहकारी समितियां पंजीकृत करवा कर रोजगार स्थापित कर सकते हैं। यह जानकारी सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत गोहाना ने दी। सहायक रजिस्ट्रार ने बताया कि सीएम पैक्स योजना के तहत कोई भी बेरोजगार युवा अपनी रूचि के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करके अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सुशासन दिवस पर इस योजना को लागू किया गया था। योजना के तहत बेरोजगार युवा सहकारिता विभाग के कार्यालय में 11 सदस्यीय समिति पंजीकृत करवा कर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। समिति में 2 महिलाएं व 1 अनुसूचित जाति का सदस्य शामिल होना आवश्यक है। प्रशांत के अनुसार स्वरोजगार स्थापित के सफल संचालन के लिए समिति के सदस्यों को विभाग द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाएगा और व्यवसाय के दृष्टिगत ऋण भी दिया जाएगा।

### रोहतक आक्रोश रैली का निमंत्रण दिया

**गोहाना।** सर्व कर्मचारी संघ से सम्बद्ध ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के प्रदेश चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा सोमवार को गोहाना पहुंचे। उन्होंने पावर हाउस में बिजली कर्मचारियों को 4 को रोहतक में होने वाली प्रदेश स्तर की आक्रोश रैली का न्योता दिया। देवेंद्र हुड्डा के साथ प्रदेश सचिव प्रभुदयाल भी पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की गोहाना यूनिट के अध्यक्ष सुनील लठवाल ने की। संयोजन सिटी सब यूनिट के अध्यक्ष सुरेश यादव ने किया। चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा ने कहा कि आक्रोश रैली में प्रदेश भर से दो लाख से ज्यादा कर्मचारी पहुंचेंगे। देवेंद्र हुड्डा के अनुसार रोहतक रैली कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, एक्स ग्रेशिया की पुरानी नीति की बहाली, कौशल रोजगार निगम को भंग करने जैसी प्रमुख मांगों को ले कर होगी। 16 फरवरी को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर एक दिन की राष्ट्रीय हड़ताल होगी। सतीश कुमार, राजेश शर्मा, वीरेंद्र चोपड़ा, पवन कुमार मौजूद रहे।

### सब जूनियर रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में खेल स्कूल राई विजेता

राई। मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई में सातवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर रग्बी फुटबाल प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रदेश भर से 37 टीमों ने भाग लिया। लड़के व लड़कियों की दोनों स्पधाअरं में मेजबान खेल स्कूल राई की टीम विजेता बनी। मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक, गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सोनिया मोर व खेल स्कूल के प्राचार्य निदेशक कर्नल अशोक मोर ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। रग्बी फुटबाल फेडरेशन के हरियाणा अध्यक्ष सरविंद्र डबास ने बताया कि सातवीं सब जूनियर रग्बी फुटबाल प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लड़कों की 21 टीम व लड़कियों की 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। लड़कों की स्पर्धा में खेल स्कूल राई की टीम ने प्रथम, पलवल की टीम दूसरे व चरखी दादरी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से लड़कियों की स्पर्धा में मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई की टीम प्रथम, पानीपत की टीम दूसरे व सोनीपत की टीम तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### अरनत्या-अर्जुन ने लॉन टेनिस चैंपियनशिप में जीते पदक

**सोनीपत।** तमिलनाडु में 20 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित एसजीएफआई लॉन टेनिस चैंपियनशिप बालक वर्ग अंडर-19 में लिटल एंजल्स स्कूल के अरनत्या व अर्जुन राठी ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गुजरात की टीम को 6-2, 6-2 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही अर्जुन राठी ने एकल वर्ग के फाइनल मैच में कर्नाटक के खिलाड़ी को 6-3, 6-3 स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ ही कुल 3 स्वर्ण पदक लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने नाम किये। प्रतियोगिता में देश भर से 23 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी शानदार खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

### आजाद सिंह दांगी विश्वकर्मा रत्न से सम्मानित किए

**गोहाना।** शहर में नए बस स्टैंड के निकट स्थित खटीक धर्मशाला में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वाधान में सामाजिक संगठनों ने इस मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी को विश्वकर्मा रत्न से सम्मानित किया। विभिन्न संगठनों की ओर से पगड़ी और शाल भेंट किए गए। सम्मान समारोह में की अध्यक्षता पुलिस भर्ती बोर्ड के पूर्व सदस्य बलराज उर्फ बल्ले रोहतक ने की। सानिध्य अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल पांचाल यमुनानगर, विश्वकर्मा विराट संघ के प्रदेश अध्यक्ष बीबी भंवरा रोहतक का रहा। संयोजन मेजबान मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने किया। समारोह में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों में धर्मवीर मदीना, रामकुमार माहरा, अनिल वाल्मीकि, धर्मपाल मलिक, सुभाष शर्मा, रामपाल जांगड़ा, राजपाल कश्यप, नरेश प्रजापति, सुभाष वर्मा, जगबीर जोगी और संजीव स्वामी ने पगाड़ियों और शालों से स्वागत किया गया। मंच का संचालन तरुण राजपाल ने किया। इस अवसर पर शरण दास कटारिया करनाल, मनोज पटवा खरखौदा अतर सिंह पांचाल जींद, जगदीश पांचाल रोहतक, कुलदीप केडी पानीपत, गुलाब पांचाल घरौंडा, हुकमचंद पांचाल दिल्ली, डॉ राजेश कुमार यमुनानगर, गोवर्धन विश्वकर्मा कुरुक्षेत्र, रमेश पांचाल उचाना से पहुंचे थे।



आजाद सिंह दांगी को सम्मानित करते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि



खरखौदा। छात्राओं को नकद राशि व प्रमाण पत्र देते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### निबंध प्रतियोगिता में प्रांजलि ने तृतीय स्थान पाया

**खरखौदा।** खांडा रोड़ स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ की छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा अनुराधा ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा प्रांजलि ने निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को प्रमाण पत्र व 1000-1000 रूपए नकद इनामी राशि मिली है। उक्त प्रतियोगिता मतदाता दिवस पर आयोजित की गई थी। प्राचार्या उषा वत्स ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। हमें अपने वोट का सही उपयोग करते हुए सही व्यक्ति को ही वोट देना चाहिए। भारत देश की 65% आबादी युवाओं की है। इसलिए देश के प्रत्येक चुनाव में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करनी चाहिए और ऐसी सरकार चुननी चाहिए जो कि सांप्रदायिकता और जातिवाद से ऊपर उठकर देश का विकास करे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया सामूहिक जन्मदिवस

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में सोमवार को सेक्टर 14 स्थित कम्युनिटी सेंटर में सामूहिक जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रधान बीआर आहूजा ने गायत्री मंत्र के साथ शुभारंभ किया। इस दौरान जिन सदस्यों की निधन गत मास या वर्तमान में हो चुका है उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करवाई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में राम किशन बत्रा, रामफल वर्मा, सीता राम धवन, राम गोपाल अरोड़ा, हरभगवान रहेजा, डॉ. एवी भारती, निर्मल हंस द्वारा गीत, भजन, गजल, नज्म, शेरो शायरी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान 28 सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया, इन सभी जन्मदिन जनवरी में होता है। इस अवसर पर परिषद प्रधान बीआर आहूजा ने आगामी तीन वर्षों 2024 से 2026 तक के लिए नव कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। प्रधान संरक्षक वीपी आर्य तथा डॉ. एचबीडी अरोड़ा, मुख्य संरक्षक डॉ. डीबी रावल, संरक्षक ओपी एलावाधी, केएल तनेजा, वरिष्ठ उप प्रधान राज गोपाल अरोड़ा, महासचिव सुभाष वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष मुकेश मल्होत्रा, मुख्य संगठनकर्ता हरिचंद स्नेही, उप मुख्य संगठनकर्ता हरभगवानरहेजा, मुख्य सलाहकार जवाहर लाल चौधरी और आडिटर लाजपत राय मुंजाल को बनाया गया।

## हुड्डा के समय में हुआ खूब विकास: मलिक

- एफसीआई के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेस नेता ने बताई कांग्रेस की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। भठगांव में ग्रामीणों के साथ बातचीत करते कांग्रेस नेता अनूप मलिक।

कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किए गए घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं एफसीआई के पूर्व सदस्य अनूप मलिक सरगथल सोमवार को क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे और लोगों को कांग्रेस की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्रीत्व काल में प्रदेश का भरपूर विकास हुआ था।

अनूप मलिक के अनुसार बीती 7 जनवरी को बरोदा में आयोजित हुई जन आक्रोश रैली के दौरान राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने स्वयं प्रचार रथ को चलाकर रवाना किया था। उसके बाद क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर लोगों को कांग्रेस के सत्तकाल के दौरान करवाए गए विकासकार्यों बारे लोगों को बताया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को तिहाड़ कलां, महीपुर, भठगांव, सलीमपुर माजरा और लोहारी का टिब्बा गांवों में जनसभाएं की गई। अनूप मलिक ने कहा कि कांग्रेस सत्तकाल में हुए विकास और वर्तमान गठबंधन सरकार में हुए विकास को साफ महसूस कर रहे हैं। प्रदेश की जनता अब भूपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। इस अवसर पर सरपंच राजेश मलिक, पूर्व सरपंच सुभाष, सरपंच बिट्टू, सरपंच अजय शर्मा, सरपंच प्रवीन व पूर्व सरपंच सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश में अगली सरकार आप की बनेगी : महेन्द्र

- रैली में पहुंचने पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष छिक्कारा ने जताया लोगों का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेन्द्र छिक्कारा ने जींद रैली में हलके से भारी संख्या में पहुंचने पर लोगों का आभार व्यक्त किया है। आप नेता महेन्द्र छिक्कारा ने कहा कि जब हरियाणा के लोग पंजाब और दिल्ली जाते हैं तो वहां की जनता को बहुत खुश पाते हैं। इसलिए अब पूरा हरियाणा बड़ा बदलाव मांग रहा है। प्रदेश में अगली सरकार आम आदमी पार्टी की होगी। उन्होंने कहा कि रैली में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि आप की सरकार बनवा दो, मैं दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में भी बिजली 24 घंटे और मुफ्त कर दूंगा। आप के अलावा और किसी पार्टी की सरकार 24 घंटे और फ्री बिजली नहीं दे सकती। आप ने केवल दो साल में पंजाब में 42 हजार सरकारी नौकरियां दी हैं, वैसे ही हरियाणा में भी देकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल हरियाणा में भी स्कूल-अस्पताल ठीक करना चाहते हैं, गरीबों को मुफ्त बिजली देना चाहते हैं, भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं।

## पाइपों की लेवलिंग ठीक नहीं, विपरित दिशा में बह रहा पानी

# जल निकासी के लिए दबाए पाइप बने परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

वार्ड 6 हरिनगर कालोनी की श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर वाली गली में दूषित पानी निकासी के लिए नपा द्वारा दबवाए जा रहे पाइप स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। लोगों का कहना है कि दूषित पानी की निकासी के लिए गली में दबवाए पाइपों की लेवलिंग ठीक से नहीं है। गली में ठेकेदार की लेबर बिना लेवल के पाइप लाइन दबाने में लगी है। अधिकारियों का कोई ध्यान नही है और न ही ठेकेदार मौके पर पहुंच रहा है। जिससे हरिनगर के लोगों में प्रशासन के प्रति रोष है। श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला समिति के प्रधान सतपाल शर्मा, स्थानीय वासी लक्ष्मण, जगदीश, सोमबीर, रामदत, राजेश, विरेंद्र, षिराज, प्रमोद, मनोज, दीपक ने बताया कि गली में नगरपालिका द्वारा नालियों की जगह पर 12 इंची के पाइप दबवाए जा रहें हैं। लेकिन नपा के अधिकारियों की अनदेखी के कारण निकासी के पाइप गलत तरीके से दबाई जा रही हैं। दूषित पानी का पाइप का लेवल नाले के लेवल से काफी नीचे है, जिससे दूषित पानी फिर से नाली में विपरित दिशा में बहना शुरू हो गया है। इससे लोगों में सरकार व प्रशासन के प्रति रोष है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली में पाइप बनाने के लिए उनकी गली में मकानों के रैंप भी तोड़ दिए गए है। उन्हें उम्मीद थी कि पाइप लगने से दूषित पानी की निकासी का स्थाई समाधान हो जाएगा है, लेकिन समस्या और गंभीर हो गई। दूषित पानी विपरीत दिशा में बहने लगा है। ऐसे में उनके घरों की नींव में पानी घुसने का खतरा बन गया है। वहीं रैंप टूटने के कारण उनका घरों से बाहर निकलना भी दुर्भर हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि पाइप को उखाड़ कर उनका लेवल ठीक नहीं करवाया गया तो वह नगरपालिका कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।



गन्नौर। बह रहे दूषित पानी को दिखाते स्थानीय लोग। फोटो :हरिभूमि

### जेई को निरीक्षण के दिए आदेश

नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी के मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने जेई सचिन धीमान को मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि पाइप दबाने में गड़बड़ी मिली तो उन्हें उखड़वा कर दोबारा लेवल में दबवाया जाएगा। वहीं जेई सचिन धीमान ने कहा कि वह मौका निरीक्षण करने के बाद ही कुछ कह पाएंगे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। पंचायत भवन में एकत्रित ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

अपनी मांगों के समाधान को लेकर जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारी सोमवार को पंचायत भवन में इकट्ठा हुए। यहां से सभी अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पैदल मार्च निकालते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे। जहां पर डीडीपीओ से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश रसोई तथा मंच संचालन यूनियन के जिला सचिव राजेश टोकी ने किया। सफाई कर्मचारी नेताओं ने बताया कि इस बढ़ती महंगाई में वेतन भुगतान कई-कई माह देरी से किया जा रहा है। सफाई कर्मियों को जमीनी स्तर पर रिक्शा मरम्मत व काम के औजार समय पर उपलब्ध न करके, सफाई काम को बाधित किया जा रहा है। गांव का कचरा डालने के लिए सफाई कर्मचारियों को कोई स्थान नहीं दिया गया। कचरा कहां डाले एक बड़ी चुनौती बन गया है। आज लगभग 4000 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी सफाई काम कर रहा है जबकि शहरों में 400 की तर्ज पर एक सफाई कर्मचारी काम करता है।

**सूचना**

मैं, सुनील पुत्र श्री रमेश पुत्र श्री लाला निवासी बडी तह. गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आकाश कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### 31 को मनाया जाएगा आगाज कार्यक्रम

गन्नौर। जी टी रोड के पास स्थित डीआईटीम कालेज का 31 जनवरी को आगाज कार्यक्रम मनाया जाएगा। यह जानकारी कालेज के निदेशक डा. नीरज ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्यातिथि चेयरमैन जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस डॉ. अखिल कुमार जैन होंगे। सम्मानित अतिथि ममता जैन प्रिंसिपल (जेबीएमएस) प्रधानाचार्या संगीता राजपाल और स्टाफ होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में कालेज के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### हत्या मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

गोहाना। थाना बरोदा पुलिस ने हत्या की घटना में एक आरोपी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल उर्फ पकौड़ा पुत्र रघबीर गांव बरोदा का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी।

### दुकान पर कार्यरत कर्मचारियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

# सब्जी मंडी में दो दुकानों में लाखों रुपये की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

- पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर आरोपितों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी में मंडी प्रधान व अन्य आढ़ती की दुकान से लाखों रुपये की राशि के चोरी होने का मामले सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दुकानों पर काम करने वाले नौकरों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में अलग-अलग दो मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस ने सीसीटीवी की रिकार्डिंग कब्जे में लेकर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वारदात के बाद व्यापारियों ने थाना सिविल लाइन प्रभारी से मुलाकात कर गशत बढ़ाने व चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।



सोनीपत। पुलिस थाने में पहुंचें व्यापारियों से बातचीत करते हुए थाना प्रभारी।

गांव जटवाड़ा निवासी ललित खत्री ने बताया कि वह सब्जी मंडी में प्रधान है। उसकी मंडी में 40 बीस शिव गंगे फ्रुट कंपनी के नाम से दुकान है। गत 28 जनवरी को रविवार के दिन छुट्टी थी। दुकान पर रजनीश व 10 नंबर दुकान पर नौकर बबलु था। जिन्होंने दुकान से पांच लाख 22 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। वहीं मंडी में स्थित दुकान नंबर-10 के संचालक चांद ने बताया कि उसकी दुकान से नौकर बबलु ने रजनीश के साथ मिलकर दुकान से एक लाख 12 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। आसपा व दुकान में लगे सीसीटीवी की जांच की। जिसमें आरोपित चोरी करते हुए पाए गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम को बुलाकर नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने अलग-अलग दो शिकायतों पर मुकदमें दर्ज कर लिए हैं।

### नौकर पहले भी कर चुके वारदात

- 1-8 अक्तूबर, 2023 को बड़ी थाना क्षेत्र से नौकर एक कार्यालय से दो लाख रुपये व बाइक लेकर भाग गया था।
- दिसंबर, 2022 में स्कूल संचालक के कार्यालय का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये व कागजात ले गया था नौकर।
- जुलाई, 2022 को मुरथल रोड स्थित गोदाम से तीन नौकरों ने 35 लाख का सामान चोरी कर लिया था।
- जून, 2022 में गांव कुमासपुर के पास एल्डिको सिटी में फ्लैट से नौकर 78 हजार रुपये चोरी कर ले गया।
- सितंबर, 2021 में सेक्टर-15 में नौकर चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद घर से 10 लाख रुपये व लाखों के आभूषण और सामान ले गए थे।

### सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्ध

चोरी करते हुए दोनों संदिग्ध सीसीटीवी में दिखाई दे रहे है। एक आरोपी पहले सीसीटीवी को तोड़ता दिख रहा है। शीशा टूटने के बाद भी पूरी वारदात उसमें रिकॉर्ड हो गई। आरोपी अलमारी खोलकर उसमें से नकदी को जेब व बेग में भरते दिखाई दे रहे हैं। उसके बाद वह भाग जाते हैं।

### व्यापारी व आढ़ती मिले पुलिस से

जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला व सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान ललित खत्री समेत अन्य ने सिविल लाइन थाना प्रभारी रविंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस को मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने गश्त बढ़ाने के साथ ही जल्द आरोपियों का गिरफ्तार करने की मांग उठाई।

### जल्द होगी गिरफ्तारी

दो दुकानों में चोरी की शिकायत मिली है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में गहनता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी में दिख रहे संदिग्धों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

-रविन्द्र कुमार, थाना प्रभारी, सिविल लाइन सोनीपत

## बैंक खाते से लाखों रुपये निकालने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी ऐटा हाल में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

मध्यप्रदेश हाल में बढ़मलिकपुर निवासी रामबीर ने गत 18 सिंतबर को शिकायत देकर बताया था कि उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है। उसने बैंग द्वारा नया एटीएम कार्ड कोरियर द्वारा भेजा गया है। लेकिन उसे कोरियर नहीं मिला। उसने फिर से नया एटीएम कार्ड बनवाया। उसने पता चला कि मेरे खाते का बैलेंस शुन्य है। उसने बैंक से स्टेटमैंट निकालकर दी। उसके खाते से एक लाख 76 हजार रुपये की राशि नए एटीएम के जरिए निकालना पाया गया। खाते से राशि निकालने का कोई संदेश नहीं मिला। मामले में राई थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सतीश कुमार की टीम ने आरोपित अजय को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



गोहाना। गिरफ्तार आरोपित अमित।

गोहाना। बरोदा थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ गांव रिंढाना के अमित को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। समाचार पत्र के रविवार के अंक में उक्त आरोपित अमित की फोटो गांव बरोदा में सुरेंद्र उर्फ रमेश हत्याकांड व गांव माहरा में जसिया के एक युवक से बाइक छीनने के प्रकाशित संयुक्त समाचार के साथ गलती से प्रकाशित हो गई थी। अब इस समाचार को संशोधित किया जा रहा है।

हवलदार रामबीर पुलिस टीम के साथ गांव रिंढाना के पास गश्त कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली की एक युवक चोरी की बाइक लेकर आने वाला है। इस पर पुलिस न नहर के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद युवक आया तो उसे रोक लिया गया। वह दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जांच में पता चला कि बाइक रोहतक से चोरी की गई थी। पूछताछ में आरोपित की पहचान गांव रिंढाना के अमित के रूप में हुई।

## छात्रों को सामर्थ्यवान बनने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन स्कूल में पीएम नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण दिखाने का प्रबंध स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा के साथ सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा ने किया। पीएम की हलकी-फुलकी मजाकिया बातों पर बच्चों ने खूब ठहाके भी लगाए। डॉ. सचिन शर्मा के अनुसार पीएम ने किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने के लिए प्रेरित किया। छिछड़ाना गांव के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यह प्रसारण डिजिटल बोर्ड के माध्यम से दिखाया गया।



गोहाना। परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण देखते हुए विद्यार्थी।

### पीएम ने किया शंकाओं का समाधान



सोनीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की शंकाओं को दूर किया। कार्यक्रम का प्रसारण जिले भर के स्कूलों में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों से चर्चा करते हुए वार्षिक परीक्षाओं के तनाव को दूर किया। जिले के सभी स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को लाइव दिखाया गया। इसके लिए पहले ही सभी स्कूल तैयार थे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की तरफ से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों व खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया था।

## महारैली में परिवार सहित पहुंचेंगे अधिकारी व कर्मचारी : प्रमोद



सोनीपत। समिति के पदाधिकारी रैली का निमंत्रण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत। पेंशन बहाली संघर्ष समिति ब्लॉक खरखौदा व सोनीपत द्वारा विभिन्न विभागों का दौरा कर कर्मचारियों व अधिकारियों को पेंशन संकल्प महारैली जींद में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया। इसके तहत समिति के पदाधिकारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैयापुर व कर्मयोगी ट्रेनिंग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहट,आईटीआई खरखौदा, सामान्य हस्पताल खरखौदा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना में पहुंचें। संपर्क अभियान में प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान, प्रदेश उपाध्यक्षव जिला प्रभारी देवराज बाल्यान ब्लॉक अध्यक्ष खरखौदा राकेश जांगड़ा उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित पेंशन संकल्प महारैली जींद 11 फरवरी एतिहासिक होगी क्योंकि इस महारैली में पेंशन विहिन कर्मचारी व अधिकारी अपने परिवार सहित पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीबीएसएस के राज्याध्यक्ष विजेन्द्र धारीवाल के नेतृत्व में जींद की ऐतिहासिक धरती पर प्रत्येक जिले से लाखों की संख्या में कर्मचारी पहुंचेंगे क्योंकि सरकार द्वारा पेंशन बहाल ना करने के कारण कर्मचारियों में रोष है।

## डीक्रूटा ने किया धरना स्थगित

- विश्वविद्यालय प्रशासन से किया अनुरोध, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी व सुधार लाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। मुरथल विवि में धरना देते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के शिक्षक संघ डीक्रूटा ने विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया। डीक्रूटा ने निर्णय लिया है कि इस दौरान विद्यार्थियों की क्षतिपूर्ति के लिए शिक्षक अतिरिक्त कक्षाएं लगाएंगे।

डीक्रूटा प्रधान डा. सुरेंद्र दहिया ने बताया कि आगामी 5 फरवरी को विश्वविद्यालय में डा.राधाकृष्णन प्रशासनिक भवन में शिक्षकों की आम सभा की बैठक में प्रशासन द्वारा शिक्षकों के हित में की गई कारवाई का पुन मूल्यांकन किया जाएगा। इसी बैठक के आधार पर आगामी कारवाई की रूप रेखा तैयार की जाएगी। डीक्रूटा के उपप्रधान डा. अनिल यादव ने विश्वविद्यालय प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन अपने रवैये में सुधार करते हुए पेंडिंग फाइलों का निपटारा तुरंत करें एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को उच्च स्तर बनाने हेतु डीक्रूटा की मदद करें। बता दें कि विश्वविद्यालय के शिक्षक अक्टूबर 2022 के बाद से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, जिससे शिक्षकों में रोष है। शिक्षक अपनी लंबित मांगों को लेकर 23 जनवरी से धरना दे रहे थे।

## सड़क हादसे में घायल आरोपित कार चालक की हालत गंभीर,दिल्ली रेफर

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मामा-भांजा चौक पर सड़क हादसे में घायल आरोपित कार चालक की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल से दिल्ली के अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं सोमवार को पुलिस ने हादसे का शिकार हुए दो वैंटर के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल नेपाल निवासी के बयान पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया हुआ है। यह था मामला- ओखल डूंगा नेपाल हाल में सारंग रोड हरियाणा टेंट हाउस निवासी दिल बहादुर मगर ने गत 28 जनवरी को शिकायत देकर बताया था कि वह वेटर का काम करता है।

रात करीब 12.15 बजे खिला बहादुर (50) निवासी नेपाल, दल बहादुर (45) निवासी तारा नगर व कुम्हार बहादुर (40)निवासी डूंगा नेपाल के साथ साइकिलों पर जागृति धाम से काम निपटाकर वापिस कमरे पर लौट रहे थे। उनके साथ अर्जुन सुनवार (24) गांव हरिवन नेपाल हाल तारानगर अपनी स्कूटी पर सवार होकर साथ आ रहा था।

## परंपराओं में गहरा है संस्कृत श्लोकों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए श्लोक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया एवं अपनी लेखन शैली से सभी का मन मोह किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ -साथ अन्य गतिविधियों के लिए तैयार करना है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. किरण दलाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर में प्रतियोगिता में प्रतिभागी अपनी रचना दिखाते हुए।

संस्कृत श्लोकों का महत्व भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में गहरा है। यह शब्द, वाक्य और छंद की श्रेष्ठतम रचना है जो संस्कृत भाषा में लिखी जाती है। ये श्लोक बच्चों को अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पित करते हैं।

भारतीय परंपरा में वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता आदि के महत्वपूर्ण श्लोक हैं, जो बच्चों को सुनाये जाते हैं।

## पीएम मोदी ने विद्यार्थियों संग किए अनुभव साझा



गोहाना। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण विभिन्न प्रमुख स्कूलों में दिखाया गया। बच्चों और अध्यापकों को यह प्रसारण दिखाने के लिए बड़ी स्कीनों की व्यवस्था की गई। गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में यह प्रसारण स्कूल के प्राचार्य अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में देखा गया। मार्गदर्शन स्कूल के अध्यक्ष परमानंद लोहिया और मैनेजर सुरेंद्र गर्ग का रहा। प्राचार्य अश्विनी कुमार के अनुसार परीक्षा पर चर्चा में पीएम ने खानपान, नींद, खेल, पढ़ाई और मोबाइल के प्रयोग में संतुलन साधने पर बल दिया।

## जगबीर जैन भाजपा आईटी सेल के संयोजक नियुक्त



गोहाना। जगबीर जैन।

गोहाना। भाजपा नेता जगबीर जैन को लगातार तीसरी बार भाजपा आईटी सैल के जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त संयोजक ने कहा कि वे ईमानदारी एवं निष्ठा से काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। अपनी नियुक्ति को लेकर जगबीर जैन ने सीएम मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, सांसद रमेश चंद्र कौशिक, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक मोहन लाल बडौली, प्रदेश सचिव उमेश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा, निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री श्रीमती कविता जैन, पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, पूर्व ओएसडी राजीव जैन आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### भाजपा नेता नेहरा ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

# श्रीराम की झांकी का बली गांव में स्वागत

- कुंडली से गत 27 जनवरी को तीर्थराणा के नेतृत्व में चली प्रभु श्रीराम मन्दिर की झांकी तीसरे दिन गोहाना में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

कुंडली से गत 27 जनवरी को तीर्थराणा के नेतृत्व में चली प्रभु श्रीराम मन्दिर की झांकी तीसरे दिन सोमवार को गन्नौर के आधा दर्जन गांवों से निकलते हुए गोहाना में प्रवेश किया। गांव बली कुतबपुर में भाजपा नेता आजाद नेहरा के साथ ग्रामीणों ने श्री राम मन्दिर की झांकी का स्वागत किया और झांकी में दीप प्रज्जवलित कर गांव की सुख शांति की कामना की। झांकी के आयोजक तीर्थ राणा व ग्रामीणों ने जय श्रीराम के नारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। तीर्थ राणा ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा को श्री राम मन्दिर की मूर्ति देकर सम्मान किया।




गन्नौर। श्री राम मन्दिर की झांकी का स्वागत करते भाजपा नेता आजाद नेहरा व संबोधित करते तीर्थ राणा। फोटो : हरिभूमि

नेहरा ने कहा कि राम नाम की महिमा कभी भी कम नहीं होगी बल्कि दिन-प्रतिदिन इसकी महिमा बढ़ते ही जाएगी। उन्होंने कहा कि राम की महिमा अपरंपार है। प्रभु श्रीराम स्वयं कह गए राम से बड़ा राम का नाम है। जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है। जीवन का आधार ही राम नाम है। तीर्थ राणा ने कहा कि सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल राम नाम चलन रहता है। गांव के सरपंच देवेंद्र सरोहा, जगबीर नेहरा धर्मवीर बुरा, कुलदीप नेहरा, आशीष पवांर, डा. जगबीर मलिक आदि ने स्वागत किया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम टीम सम्मानित



गोहाना। विजेता टीम के विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

- नालंदा इंटरनेशनल स्कूल की टीम गणतंत्र दिवस समारोह में रही थी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोमवार को गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में उस टीम को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया जो 75वें गणतंत्र दिवस पर शहर के अमर शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम रही। विजेता टीम को स्कूल के चेयरमैन उमेद सिंह मलिक ने सम्मानित किया। अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह मलिक ने की।

गणतंत्र दिवस समारोह शुक्रवार को हुआ था। शनिवार और रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को स्कूल खुलने पर विजेता टीम स्कूल में पहुंची। टीम की सांस्कृतिक प्रस्तुति कलर ऑफ इंडिया थीम पर आधारित थी। इस थीम में बच्चों ने देश की सांस्कृतिक एकता और विविध संस्कृति की अनुपम छटा प्रस्तुत की। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता का संदेश भी इसके माध्यम से दिया। नृत्य की प्रस्तुति में कक्षा 5 से 10 के बच्चों ने भाग लिया। डांस की तैयारी डांस टीचर युक्ति दुआ ने करवाई। उनकी सहयोगी शिक्षिकाएं-रीना और नेहा रहीं।